# अध्याय - 3 निर्धनता एक चुनौती

## पाठ के मुख्य बिन्दु

- निर्धनता के अनेक आयाम है। सामान्यता इन्हे निर्धनता रेखा की अवधारणा के द्वारा मापा जाता है ।विद्वान लोग इस अवधारणा का मानव निर्धनता में विस्तार कर रहे हैं ।
- समाज में व्याप्त आर्थिक असमानता को दूर करनाहै।
- राज्यों व केंद्र सरकारों की सबसे बड़ी बाध्यता होनी चाहिए, कि विभिन्न प्रचार माध्यमों को भी इस विषय के संदर्भ में सरकारों को सचेत करते रहना चाहिए ।
- निर्धनता से अभिप्राय जीवन के लिए न्यूनतम उपयोगी आवश्यकताओं की प्राप्ति ना होने से है। निर्धनों की आमदनी इतनी कम होती है कि वे उससे अपनी सामान्य जरूरतो को भी पूरा नहीं कर सकते हैं।
- आम आदमी को भी इन उन्मूलन कार्यक्रमों में पूरी सजगता दिखानी चाहिए। तभी निर्धनता को दूर किया जा सकता है।और समाज में व्याप्त आर्थिक असमानता को दूर किया जा सकता है।
- भारत में हर पांचवा व्यक्ति निर्धन है (विश्व बैंक के नवीनतम आंकड़ों) दुनिया में सबसे अधिक गरीब भारत में ही है।
- निर्धनता रेखा का आकलन सामान्यता हर 5 वर्ष पर राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के द्वारा कराया जाता है।
- निर्धनता उन्मूलन के लिए सरकार ने वर्तमान निर्धनता निरोधी रणनीति बनाई जिसके दो आयाम हैं:-
    1. आर्थिक संवृद्धि को प्रोत्साहन
    2. लक्षित निर्धनता निरोधी कार्यक्रम
- आर्थिक संवृद्धि अवसरों को व्यापक बना देती है।और मानव विकास में निवेश के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराती है, परिणाम स्वरूप निर्धनता कम होती है।
- लक्षित निर्धनता निरोधी कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005, राष्ट्रीय काम के बदले अनाज का कार्यक्रम 2004, प्रधानमंत्री रोजगार योजना 1993 ,ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम 1995 इत्यादि आते हैं।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. स्वतंत्र भारत के समक्ष सर्वाधिक कठोर चुनौती क्या है?**
a. अर्थव्यवस्था b. गरीबी
c. आतंकवाद d. जातिवाद

**2. गरीबी की समस्या का स्वरूप किस प्रकार का है?**
a. एक आयामी b. बहु आयामी
c. सहआयामी d. इनमें से कोई नहीं।

**3. भूमिहीन श्रमिक को किस श्रेणी में रखा जा सकता है?**
a. मध्यम b. गरीबी
c. उच्च d. इनमें से कोई नहीं।

**4. निर्धनता की चरम सीमा क्या होती है?**
a. मौत b. आवास की कमी
c. भुखमरी d. इनमें से कोई नहीं।

**5. आय में असमानता के कारण किसका जन्म होता है?**
a. गरीबी b. जातिवाद
c. आतंकवाद d. सांप्रदायिकता

**6. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना कब शुरू की गई?**
a. 2001 b. 2005
c. 2003 d. 2008

**7. काम के बदले अनाज की योजना को 2004 तक कितने जिलों में लागू किया जा चुका था?**
a. 100 b. 150
c. 180 d. 250

**8. प्रधानमंत्री रोजगार योजना को कब शुरू किया गया?**
a. 1993 b. 1995
c. 2001 d. 1998

**9. ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम का आरंभ कब किया गया?**
a. 1995 b. 2001
c. 1998 d. 2004

**10. स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना का आरंभ कब किया गया?**
a. 1999 b. 1997
c. 1995 d. 2001

**11. प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना कब लागू की गई?**
a. 2000 b. 1996
c. 1998 d. 2002

**12. ग्रामीण समाज के विकास के लिए कौन सी योजना लागू की गई?**
a. स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना
b. प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना
c. ग्रामीण रोजगार सृजन योजना
d. उपरोक्त सभी।

**13. महात्मा गांधी ने वास्तविक स्वतंत्र भारत का स्वरूप कैसा बताया था?**
a. लोकतांत्रिक b. प्रजातांत्रिक
c. गरीबी मुक्त भारत d. इनमें से कोई नहीं।

**14. नियमित रोजगार की कमी किसको पैदा करती है?**
a. आतंकवाद b. जातिवाद
c. निर्धनता d. सांप्रदायिकता

**15. निर्धनता रेखा से नीचे के लोगों को कौन सा कार्ड दिया जाता है?**
a. ए.पी.आर.एस. कार्ड b. पी.डी.एस. कार्ड
c. इनमें से दोनों। d. इनमें से कोई नहीं।

**16. पी.डी.एस कार्ड को साधारण भाषा में क्या कहा जाता है?**
a. लाल कार्ड b. हरा कार्ड
c. पीला कार्ड d. नीला कार्ड

**17. निर्धनता को सामान्यतः कौन से सूचक से मापा जाता है?**
a. पहनावा b. जीवन स्तर
c. आय d. इनमें से कोई नहीं।

**18. समान अवसरो से अपवर्जन भी किसको आमंत्रित करता है?**
a. आतंकवाद b. निर्धनता
c. जातिवाद d. इनमें से कोई नहीं।

**19. निर्धनता के आकलन के लिए सरकार द्वारा कौन सी रेखा निर्धारित की गई है?**
a. निर्धनता रेखा b. निर्धनता लकीर
c. a एवं b दोनों। d. इनमें से कोई नहीं।

**20. निर्धनता रेखा के अनुसार किसे गरीब माना जाता है?**
a. आवास से ग्रस्त।
b. विलासिता से ग्रस्त।
c. मूल आवश्यकताओं से ग्रस्त।
d. इनमें से कोई नहीं।

**21. अमेरिका में किस व्यक्ति को गरीब माना जाता है?**
a. भोजन विहीन b. आवास विहीन
c. कार विहीन d. इनमें से कोई नहीं।

**22. भारत में कार रखना किसका शौक माना जाता है?**
a. गरीबों का b. नौकरी पेशा
c. अमीरों का d. इनमें से कोई नहीं।

**23. खाद्य आवश्यकताओं की कमी को किससे मापा जाता है?**
a. कैलोरी b. मीटर
c. वजन d. लीटर

**24. अनाज, दूध, तेल, चीनी आदि मिलकर किसकी कमी को पूरा करती है?**
a. कैलोरी b. मीटर
c. लीटर d. इनमें से कोई नहीं।

**25. भारत के गांवों में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन कितनी कैलोरी प्राप्त करता है?**
a. 2400 b. 2000
c. 1600 d. 1800

**26. भारत के नगरों में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन कितनी कैलोरी प्राप्त करता है?**
a. 2100 b. 1900
c. 1500 d. 1700

**27. किस क्षेत्र में रहने वाले अधिक श्रम करते हैं?**
a. ग्रामीण b. शहरी
c. क और ख दोनों। d. इनमें से कोई नहीं।

**28. गरीबी रेखा का नया निर्धारण कब किया गया है?**
a. 1998 ई. b. 1995 ई.
c. 2000 ई. d. 1997 ई.

**29. गरीबी रेखा का निर्धारण ग्रामीण क्षेत्रों में कितना किया गया है?**
a. 320 रुपया प्रति व्यक्ति। b. 328 रुपया प्रति व्यक्ति।
c. 348 रुपया प्रति व्यक्ति। d. 356 रुपया प्रति व्यक्ति।

**30. निर्धनता रेखा का निर्धारण शहरी क्षेत्र में कितना किया गया है?**
a. 454 रुपया प्रति व्यक्ति। b. 458 रुपया प्रति व्यक्ति।
c . 420 रुपया प्रति व्यक्ति। d. 468 रुपया प्रति व्यक्ति।

**31. पांच सदस्यों का परिवार (ग्रामीण )यदि प्रतिमाह 1640 रुपए से कम कमाता है तो उसे क्या कहा जाएगा?**
a. अमीर b. गरीब
c. सामान्य d. इनमें से कोई नहीं।।

**32. पांच सदस्यों का परिवार (शहरी) यदि प्रतिमाह 2270 रुपए से कम कमाता है तो उसे क्या कहा जाएगा?**
a. अमीर b. गरीब
c. सामान्य d. इनमें से कोई नहीं।

**33. निर्धनता रेखा का नए सिरे से निर्धारण सामान्यतः कितने वर्ष बाद किया जाता है?**
a. 1 वर्ष b. 5 वर्ष
c. 6 वर्ष d. 4 वर्ष

**34. निर्धनता रेखा का निर्धारण किसके सर्वे द्वारा किया जाता है?**
a. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन
b. राष्ट्रीय आय योजना
c. एकल राष्ट्रीय योजना
d. इनमें से कोई नहीं।

**35. एन.एस.एस.ओ का पूर्ण रूप क्या है?**
a. राष्ट्रीय सार्वजनिक सर्वेक्षण संगठन
b. राष्ट्रीय सहायता सर्वेक्षण संगठन
c. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन
d. इनमें से कोई नहीं।

**36. 33 वर्षीय रामशरण कहां पर रहता है?**
a. रांची b. कुरुक्षेत्र
c. चंडीगढ़ d. उड़ीसा

**37. लक्खा सिंह की कहानी इनमें से किस प्रकार का उदाहरण है?**
a. शहरी निर्धनता का b. अमीर व्यक्ति का
c. बेरोजगारी का d. ग्रामीण निर्धनता का

**38. रामशरण 1 महीने में कितना कमाता है?**
a. 1000 b. 1500
c. 2000 d. 1800

**39. विश्व का सबसे धनी देश कौन है?**
a. श्रीलंका b. अमेरिका
c. ऑस्ट्रेलिया d. भारत

**40. विश्व के किस देश में सर्वाधिक निर्धनों की संख्या है?**
a. बांग्लादेश b. भारत
c. ब्राज़ील d. नाइजीरिया

**41. विश्व बैंक के द्वारा गरीबी मापन की मुद्रा क्या है?**
a. डॉलर b. यूरो
c. रुपया d. इनमें से कोई नहीं।

**42. 1973 में भारत में निर्धनता का प्रतिशत कितना था?**
a. 55% b. 45%
c. 50% d. 35%

**43. 1993 में भारत में निर्धनता का प्रतिशत कितना था?**
a. 36% b. 40%
c. 38% d. 45%

**44. 2000 में भारत में निर्धनता का प्रतिशत कितना था?**
a. 26% b. 36%
c. 16% d. 46%

**45. 2001 की जनगणना के अनुसार भारत में लगभग कितने लोग गरीब थे?**
a. 13 करोड़ b. 16 करोड़
c. 26 करोड़ d. 36 करोड़

**46. 1973 में ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी का क्या अनुपात था?**
a. 56.4% b. 60.4%
c. 58.4% d. 66.4%

**47. 1973 में शहरी क्षेत्र में गरीबी का क्या प्रतिशत था?**
a. 49% b. 55%
c. 51% d. 58%

**48. 1993 में ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी का अनुपात (%) कितना था?**
a. 37.3% b. 41.3%
c. 39.3% d. 47.3%

**49. 1993 में शहरी क्षेत्र में गरीबों का अनुपात, (%) कितना था?**
a. 36.4% b. 38.4%
c. 32.4% d. 40.4%

**50. 2000 में ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी का अनुपात (%) क्या था?**
a. 36.1% b. 39.1%
c. 27.1% d. 41.1%

**51. 2000 में शहरी क्षेत्र में गरीबी का अनुपात(%) क्या था?**
a. 26.6% b. 29.6%
c. 23.6% d. 36.6%

**52. आर्थिक विकास का निम्न स्तर किसके जन्म का कारण बनता है?**
a. आतंकवाद b. जातिवाद
c. गरीबी d. सांप्रदायिकता

**53. जनसंख्या में उच्च दर से वृद्धि किसके जन्म का कारण बनती है?**
a. आतंकवाद b. गरीबी
c. सांप्रदायिकता d. इनमें से कोई नहीं।

**54. भारत के किस राज्य में गरीबी का प्रतिशत सबसे अधिक है?**
a. उड़ीसा b. बंगाल
c. बिहार d. पंजाब

**55. भारत के किस राज्य में गरीबी का सबसे कम प्रतिशत है?**
a. जम्मू और कश्मीर b. बंगाल
c. बिहार d. पंजाब

**56. वर्ष 2011 -12 भारत में निर्धनता अनुपात % है?**
a. 25% b. 35%
c. 22% d. 50%

**57. गरीबी उन्मूलन का नारा किस योजना में दिया गया?**
a. द्वितीय पंचवर्षीय योजना
b. तृतीय पंचवर्षीय योजना
c. पांचवी पंचवर्षीय योजना
d. छठी पंचवर्षीय योजना

**58. वर्ष 2011-12 ई के अनुसार भारत में कितनी जनसंख्या निर्धनता रेखा के नीचे है?**
a. 27 करोड़ b. 17 करोड़
c. 37 करोड़ d. 45 करोड़

**59. निम्न में से किस राज्य में मानव संसाधन विकास पर अधिक ध्यान दिया गया है?**
a. मध्य प्रदेश b. केरल
c. महाराष्ट्र d. गुजरात

**60. मानव विकास रिपोर्ट कौन जारी करता है?**
a. यू.एन.डी.पी. b. संयुक्त राष्ट्र
c. विश्व बैंक d. इनमें से कोई नहीं।

**61. 1973 में ग्रामीण क्षेत्र में कितने करोड़ व्यक्ति निर्धन थे?**
a. 26 करोड़ 1 लाख b. 3 करोड़
c. 17 करोड़ d. 23 करोड़

62. **1973 में शहरी क्षेत्र में कितने करोड़ व्यक्ति निर्धन थे?**
a. 3 करोड़ b. 6 करोड़
c. 5 करोड़ d. 8 करोड़

63. **1993 में ग्रामीण क्षेत्र में कितने करोड़ व्यक्ति निर्धन थे?**
a. 20 करोड़ b. 24 करोड़ 40 लाख
c. 22 करोड़ d. 26 करोड़

64. **1993 में शहरी क्षेत्र में कितने करोड़ व्यक्ति निर्धन थे?**
a. 10 करोड़ b. 7 करोड़ 60 लाख
c. 14 करोड़ d. 17 करोड़

65. **2000 में शहरी क्षेत्र में कितने करोड़ व्यक्ति निर्धन थे?**
a. 8 करोड़ 1 लाख b. 6 करोड़ 70 लाख
c. 10 करोड़ 1 लाख d. 13 करोड़

66. **2000 में ग्रामीण क्षेत्र में निर्धन व्यक्तियों की संख्या कितनी थी?**
a. 14 करोड़ 13 लाख b. 12 करोड़ 13 लाख
c. 19 करोड़ 13 लाख d. 21 करोड़ 13 लाख

67. **सन 2000 के सर्वे में अनुसूचित जातियों में निर्धनता का क्या प्रतिशत था?**
a. 40% b. 23%
c. 43% d. 33%

68. **सन 2000 के सर्वे के अनुसार औसत भारतीय निर्धनता का प्रतिशत कितना था?**
a. 20% b. 26%
c. 23% d. 29%

69. **1990 के बाद किस समूह के निर्धनता में कमी नहीं आई?**
a. अमीर जातियां b. ब्राह्मण जातियां
c. अनुसूचित जनजाति d. इनमें से कोई नहीं।

70. **सरकार की दमन नीतियां सबसे पहले किसे प्रभावित करती है?**
a. जातिवाद b. आतंकवाद
c. निर्धनता d. इनमें से कोई नहीं।

71. **लक्षित निर्धनता निरोधी कार्यक्रमों का उद्देश्य क्या रखा गया है?**
a. आतंकवाद समाप्ति b. गरीबी की समाप्ति
c. जातिवाद समाप्ति d. इनमें से कोई नहीं।

## बहुविकल्पीय प्रश्न का उत्तर

1.b 2.b. 3b 4.c 5.a 6.b 7.b 8.a 9.a 10.a 11.a. 12.d 13.c. 14.c. 15.b 16.c 17.c 18.b 19.a 20.c. 21.c 22.c 23.a 24.a 25.a. 26.a. 27.a 28.c 29.b 30.a 31.c 32.b 33.b 34.a 35.c. 36.a. 37.d 38. b 39.b. 40. d 41.a 42.a 43.a 44.a 45.c 46.a 47.a 48.a. 49.a 50.c 51.c 52.c 53.b 54.a 55.a 56.c 57.c 58.a 59.b 60.a 61.a 62.b 63.b 64.b 65.b 66.c 67.c 68.b 69.c 70.c 71. b

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

1. **भारत में निर्धनता का आंकलन किस संगठन द्वारा किया जाता है ?**

**उत्तर-** भारत में निर्धनता का आंकलन राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन द्वारा किया जाता है।

2. **भारत में निर्धनता का आंकलन कितने वर्ष बाद किया जाता है?**

**उत्तर-** भारत में निर्धनता का आंकलन 5 वर्ष बाद किया जाता है।

3. **निर्धनता से क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर-** जब समाज का एक वर्ग अपने जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं जैसे रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा और स्वास्थ्य को पूरा नहीं कर पता है उसे निर्धनता कहते हैं।

4. **गरीबी रेखा से क्या तात्पर्य है?**

**उत्तर-** गरीबी रेखा से तात्पर्य आपके उस न्यूनतम स्तर से है जिसकी सहायता से जीवन की अनिवार्य और न्यूनतम आवश्यकताएं पुरी की जा सकती है।

5. **सन 2000 के आंकड़ों के अनुसार भारत में कितने लोग गरीब हैं?**

**उत्तर-** लगभग 26 करोड लोग।

6. **भारत में निर्धनता की दृष्टि से कौन सा सामाजिक समूह सर्वाधिक असुरक्षित है?**

**उत्तर-** अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के परिवार।

7. **भारत में गरीबी के कोई दो सबसे बड़े कारण लिखें।**

**उत्तर-** 1. जनसंख्या में तीव्र वृद्धि
2. पूंजी का अभाव

8. **अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्धनता रेखा का आंकलन कैसे किया जाता है?**

**उत्तर-** 1 डॉलर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के न्यूनतम उपलब्धता के आधार पर।

9. **भारत में गरीबी उन्मूलन के दो कोई उपाय बताओ।**

**उत्तर-** 1. जनसंख्या नियंत्रण
2. कुटीर व लघु उद्योगों का विकास।

10. **संयुक्त राष्ट्र के सहस्राब्दि विकास के लक्ष्यो मे गरीबी को किस हद तक कम करने का संकल्प किया गया है?**

**उत्तर-** 1 डालर प्रतिदिन से कम पर जीवन यापन करने वाले लोगों की संख्या को वर्ष 2015 तक आधा करने का लक्ष्य है।

11. **नरेगा को कब लागू किया गया? और कितने जिलों में लागू किया गया?**

**उत्तर-** सितंबर 2005 और 200 जिलों में लागू किया गया।

12. **नरेगा का पूरा नाम लिखें।**

**उत्तर-** राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**1. भारत में निर्धनता रेखा का आंकलन कैसे किया जाता है?**

**उत्तर-** भारत में निर्धनता रेखा का आंकलन आय तथा उपभोग स्तरों पर आधारित है। आय आकलन के आधार पर वर्ष 2000 में किसी व्यक्ति के लिए निर्धनता रेखा का निर्धारण ग्रामीण क्षेत्रों में 328 रुपए प्रतिमाह और शहरी क्षेत्र में 454 रुपए प्रतिमाह किया गया था।

उपभोग आंकलन के आधार पर भारत में स्वीकृत कैलोरी आवश्यकता ग्रामीण क्षेत्रों में 2400 कैलोरी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन एवं नगरीय क्षेत्रों में 2100 कैलोरी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन है।

**2. भारत में 1973 से निर्धनता की प्रवृत्तियों की चर्चा करें।**

**उत्तर-** भारत में निर्धनता अनुपात में वर्ष 1973 में लगभग 55% से वर्ष 1993 में 36% तक महत्वपूर्ण गिरावट आई है।वर्ष 2000 में निर्धनता रेखा के नीचे के निर्धनों का अनुपात और भी गिरकर 26% पर आ गया है ।यही प्रवृत्ति रहने पर अगले कुछ वर्षों में निर्धनता रेखा से नीचे लोगों की संख्या और भी नीचे आ जाएगी ।1973 से 1993 तक निर्धन लोगों की संख्या 32 करोड़ के लगभग स्थिर थी, परंतु नए अनुमान से निर्धनों की संख्या में कमी, लगभग 26 करोड़ उल्लेखनीय गिरावट का संकेत है।

**3. भारत में निर्धनता के अंतर -राज्य असमानताओं का एक विवरण प्रस्तुत करें।**

**उत्तर-** भारत में प्रत्येक राज्य में निर्धन लोगों का अनुपात एक समान नहीं है।हाल के अनुमान दर्शाते हैं कि 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में निर्धनता अनुपात राष्ट्रीय औसत से कम है ।दूसरी ओर ,निर्धनता अब भी उड़ीसा, बिहार, असम, त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश में एक गंभीर चुनौती है। उड़ीसा और बिहार में क्रमशः 47 और 45% निर्धनता औसत के साथ सर्वाधिक निर्धन राज्य बने हुए हैं।

इसके अतिरिक्त केरल,जम्मू और कश्मीर,तमिलनाडु,आंध्र प्रदेश, गुजरात और पश्चिम बंगाल में निर्धनता में काफी कमी आई है ।पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य अधिक कृषि दर से निर्धनता को कम करने में सफल हुए हैं। केरल में मानव संसाधन विकास पर अधिक ध्यान दिया गया है। पश्चिम बंगाल में भूमि सुधार उपाय अपना कर निर्धनता कम की है।

**4. उन सामाजिक और आर्थिक समूह की पहचान करें जो भारत में निर्धनता के समक्ष कोई उपाय नहीं है?**

**उत्तर-** भारत में निर्धनता के समूह को दो श्रेणियां में वर्गीकृत किया जा सकता है-

1. सामाजिक समूह- जो सामाजिक समूह सर्वाधिक असुरक्षित है, वह अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के परिवार हैं। अनुसूचित जातियों में निर्धनता अनुपात 51% है, जबकि अनुसूचित जनजातियों में 43% परिवार निर्धन रेखा के नीचे रहते हैं।
2. आर्थिक समूह:- इस समूह में ग्रामीण खेतिहर मजदूर और नगरीय अनियत मजदूर आते हैं। भारत में ग्रामीण खेतिहर मजदूरों में 43% लोग निर्धनता रेखा के नीचे रहते हैं ,जबकि शहरी अनियत मजदूरों में 50% निर्धनता है।

**5. भारत में अंतरराज्यीय निर्धनता में विभिन्नता के कारण बताइए।**

**उत्तर-** भारत में अंतरराज्यीय निर्धनता में विभिन्नता पाई जाती है। जहां उड़ीसा, बिहार, असम और त्रिपुरा आदि में निर्धनता अधिक है ।वहीं गोवा, केरल, जम्मू कश्मीर, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, गुजरात और पश्चिम बंगाल में निर्धनता में काफी गिरावट आई है । इस विभिन्नता के कारणो में जहां पंजाब और हरियाणा जैसे राज्य उच्च कृषि वृद्धि दर से निर्धनता कम करने में सफल रहे हैं ।केरल ने मानव संसाधन का विकास किया है, पश्चिम बंगाल में भूमि सुधार आंध्र प्रदेश व तमिलनाडु में अनाज के सार्वजनिक वितरण में सुधार निर्धनता को कम करने में सफल रहे हैं ।वहीं अन्य राज्यों की इनमें असफलता अधिक निर्धनता का कारण बनी हुई है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**1. निर्धनता उन्मूलन की वर्तमान सरकारी रणनीतियों की चर्चा करें।**

**उत्तर-** निर्धनता उन्मूलन की वर्तमान सरकारी रणनीति के दो आयम है:-

1. आर्थिक संवृद्धि को प्रोत्साहन:- आर्थिक संवृद्धि अवसरों को व्यापक बना देती है, और मानव विकास में निवेश के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराती है, परिणाम स्वरूप निर्धनता कम होती है।
2. लक्षित निर्धनता निरोधी कार्यक्रम:-कुछ प्रमुख निर्धनता निरोधी कार्यक्रम इस प्रकार है:-

क. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005:-यह अधिनियम प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 100 दिनों के सुनिश्चित रोजगार का प्रावधान करता है। प्रस्तावित रोजगारों का एक तिहाई रोजगार महिलाओं के लिए आरक्षित है। कार्यक्रम के अंतर्गत यदि आवेदक को 15 दिनों के अंदर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया, तो वह दैनिक बेरोजगारी भत्ता का हकदार होगा।

ख. राष्ट्रीय काम के बदले अनाज कार्यक्रम 2004:- यह कार्यक्रम सभी ग्रामीण निर्धनों के लिए खुला है।

ग. प्रधानमंत्री रोजगार योजना 1993:- यह कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र एवं छोटे शहरों में शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित करना है।

घ. ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम 1995:-इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र एवं छोटे शहरों में स्वरोजगार के अवसर सृजित करना है।

ड़ स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना 1999:-इस योजना का प्रमुख उद्देश्य सहायता प्राप्त परिवारों को निर्धनता रेखा से ऊपर लाना है।

च. प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना 2000:- इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य, प्राथमिक शिक्षा,पेयजल, आवास तथा विद्युतीकरण जैसी सुविधाओं का विकास करना है।

छ. अंत्योदय अन्न योजना:- इसका मुख्य उद्देश्य सर्वाधिक गरीब लोगों की सस्ते मूल्य पर खाद्य आपूर्ति करना है।

**2. वैश्विक निर्धनता की प्रवृत्तियों की चर्चा करें।**

**उत्तर-** वैश्विक निर्धनता पर आंकड़े निम्न प्रवृत्तियों को दर्शा रहे हैं:-

1. विकासशील देशों में अत्यंत आर्थिक निर्धनता में रहने वाले लोगों का अनुपात 1990 के 28% से गिरकर 2001 में 21% हो गया है।
2. तीव्र आर्थिक प्रगति और मानव संसाधन विकास में वृहत निवेश के कारण चीन और दक्षिण पूर्व एशिया के देशों में निर्धनता की संख्या 1981 के 60 .6 करोड़ से घटकर 2001 में 21.2 करोड़ हो गई है।
3. दक्षिण एशिया के देशों भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश में निर्धनों की संख्या में गिरावट इतनी तीव्र नहीं है ।1981 में इनमें निर्धनों की संख्या 47.5 करोड़ थी, जो 2001 में घटकर 42.8 करोड़ रह गई है।
4. सब सहारा अफ्रीका में निर्धनता वास्तव में 1981 के 41% से बढ़कर 2001 में 46% हो गई है।
5. लैटिन अमेरिका में निर्धनता का अनुपात वही रहा है, रूस में निर्धनता पुनः व्याप्त हो गई है।

**3. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 की मुख्य विशेषताएं क्या है? लिखें।**

**उत्तर-** राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित है:-

1. यह अधिनियम प्रत्येक वर्ष देश के 200 जिलों में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 100 दिन के सुनिश्चित रोजगार का प्रावधान करता है। बाद में इस योजना का विस्तार 600 जिलों में किया जाएगा।
2. प्रस्तावित रोजगारों का एक तिहाई रोजगार महिलाओं के लिए आरक्षित है।
3. केंद्र सरकार राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कोष स्थापित करेगी। तथा राज्य सरकारें भी इस योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य रोजगार गारंटी कोष की स्थापना करेगी। कार्यक्रम के अंतर्गत अगर आवेदक को 15 दिन के अंदर रोजगार नहीं मिला, तो वह दैनिक बेरोजगार भत्ते का हकदार होगा।
4. ग्रामीणों को 5 किलोमीटर के दायरे में रोजगार उपलब्ध कराना।
5. रोजगार में भूमि से उत्पादन होने वाले चीजों को प्राथमिकता देना।